
मासिक समाचार पत्र

title-code-MPHIN35679



आधार जायसवाल, इंदौर
15/02/2016



# बुरा मत सोचो बुरा मत मानो बुरा मत करो



कार्ड शिवहरे,जबलपुर
02/02/2015

संपादक : आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल द्वारा बंदरों की परिकल्पना 16 मई 2010 (जनहित में जारी)

वर्ष-2 | अंक : 5 | इंदौर, 15 जुलाई 2021 | पृष्ठ : 8 | मूल्य-निशुल्क

सुविचार: हर प्रयास गलतियों की शुरुवात से प्रारंभ होता है:- आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल

Aadhaarcardkejanaksuniljaiswal@gmail.com



' माँ ' अहिल्या की पावन नगरी इन्दौर शहर की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि 'आधार कार्ड'

## " घर परिवार और अपनो को मुझे बचाना है मुझे आज ही वैक्सीन लगवाना है "

## स्लोगन को मिला प्रथम स्थान, आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल सम्मानित



नगर पालिक निगम, इंदौर

इंदौर वैक्सीनेशन स्लोगन प्रतियोगिता

प्रशंसा पत्र

बधाईयां.. आधार कार्ड के जनक श्री सुनील जायसवाल — प्रथम विजेता

इंदौर नगर पालिक निगम द्वारा आयोजित "इंदौर वैक्सीनेशन स्लोगन प्रतियोगिता" में आपने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
इंदौर नगर निगम आपकी सराहना प्रशंसा करता है एवं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

दिनांक 14/7/2021





# 9827222811





http://www.aadhaarcardkejanaksuniljaiswalindore.com


इन्दौर नगर पालिका निगम के स्वच्छ भारत मिशन द्वारा आयोजित इन्दौर वैक्सीनेशन स्लोगन प्रतियोगिता में श्री जायसवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में 200 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया था। क्षेत्र क्रमांक 5 के विधायक महेन्द्र हार्डिया एवं अपर आयुक्त अभय राजनंदगांवकर द्वारा आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल को सम्मान-प्रशस्ति पत्र एवं एलेक्सा स्पीकर देकर सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राणी संग्रहालय के प्रभारी डॉ. उत्तम यादव, श्रीमती रश्मि चौधरी, रोहन बिलौरे, यामा जायसवाल, दीपक पोरवाल एवं अन्य प्रतिभागी सहित शहरवासी उपस्थित थे। नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिभा पाल ने बताया कि अब जन-जागरण के लिए उपरोक्त स्लोगन का उपयोग कर प्रचार किया जाएगा।

E-mail - aadhaarcardkejanaksuniljaiswal@gmail.com





## " घर परिवार और अपनो को मुझे बचाना है, मुझे आज ही वैक्सीन लगवाना है "











बधाईकर्ता - मासिक समाचार पत्र बुरा मत सोचो, बुरा मत मानो, बुरा मत करो, आधार कार्ड धारक आम आदमी अधिकार वेलफेयर सोसायटी, (आशीर्वाद) शुक्ला ब्रदर्स बाणेश्वरी ग्रुप परिवार, दुर्गा दत्त पाण्डे, कैलाश दत्त पाण्डे (महू केन्टोमेन्ट अध्यक्ष) प्रेरणा स्त्रोत - भारूका (अशोक कंटेनर) अग्रवाल (अजंता फार्मा) परिवार, समधी- म.प्र. शराब ठेकेदार लल्ला शिवहरे ग्वालियर, इन्दौर, समधी - (शराब ठेकेदार) रमेशचन्द्र राय झांसी, इन्दौर, चाचा - (शराब ठेकेदार) सत्यनारायण जायसवाल उज्जैन, समस्त जायसवाल परिवार, वंशज समस्त कलचुरी कलाल, कलार, कलवार समाज संगठन, समस्त आधार कार्ड धारक सदस्य एवं मौसमी स्टेन लैस स्टील, ए.के. शर्मा (व्यापार बंधन), समस्त बर्तन बाजार, पत्रकार बन्धु एवं प्यारे मित्रगण, परिवार- श्रीमती यामा जायसवाल, मौसमी आशीष शिवहरे (दामाद, शराब ठेकेदार, जबलपुर), पुत्र- मासूम, बहू- पारुल राय (झांसी), पोता - आधार जायसवाल, नाती- कार्ड शिवहरे (जबलपुर), पोती- विशीष्ठी जायसवाल (इन्दौर)

100 बिलियन + जिनीयस लेखक सुविचारक द्वारा लिखित दैनिक सुविचार से जुड़ने के लिए वाट्सएप नम्बर 98272-22811 पर जुड़ सकते हैं।

आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल ने लिखी 1164 पेज की आधारायण ग्रन्थ में आधार कार्ड के जन्म की कहानी।

जनहित में जारी- उपरोक्त बंदरों की परिकल्पना आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल द्वारा 16 मई 2010 को की गई थी।

**बैंक खाता नंबर** ➤ आधार कार्ड धारक आम आदमी अधिकार वेलफेयर सोसायटी का बैंक अकाउन्ट नं. 39934272443,आई.एफ.एस.सी. कोड **SBIN0030153 SWIIFT** भारतीय स्टेट बैंक सुखलिया (एस.एम.ई.) शाखा सांवेर रोड, इंदौर (मप्र) 452015, सुनील जायसवाल मो. नं. 98272-22811

**आधार का हाथ जीवन भर का साथ**







घर, परिवार और अपनो को मुझे बचाना है मुझे आज ही वैक्सीन लगवाना है...

# स्लोगन को मिला प्रथम स्थान, आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल सम्मानित



**इंदौर। इन्दौर शहर को नम्बर 1 बनाने में शहरवासियों ने जो भूमिका निभाई उसमें आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल ने भी अपना योगदान दिया है। इन्दौर नगर पालिका निगम के स्वच्छ भारत मिशन द्वारा आयोजित इन्दौर वैक्सीनेशन स्लोगन प्रतियोगिता में श्री जायसवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में 200 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया था।**


इन्दौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र क्रमांक 5 के विधायक महेन्द्र हार्डिया एवं अपर आयुक्त अभय राजनंदगांवकर द्वारा आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल को सम्मान-प्रशस्ति पत्र एवं एलेक्सा स्पीकर देकर सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राणी संग्रहालय के प्रभारी डॉ. उत्तम यादव, श्रीमती रश्मि चौधरी, रोहन बिलौरे, दीपक पोरवाल एवं अन्य प्रतिभागी सहित शहरवासी उपस्थित थे। आयुक्त सुश्री प्रतिभा पाल ने बताया कि नागरिकों में अधिक से अधिक वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से इन्दौर वैक्सीनेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। नगर निगम द्वारा अब जन-जागरण के लिए उपरोक्त स्लोगन का उपयोग कर प्रचार किया जाएगा।

श्री जायसवाल ने बताया कि इस स्लोगन को लिखने में अपना ही नहीं अपनों का भी ख्याल रखा है। घर, परिवार और अपनों को मुझे बचाना है, मुझे आज ही वैक्सीन लगवाना है।












'घर परिवार और अपनो को मुझे बचाना है मुझे आज ही वैक्सिन लगवाना है।'
आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल की पोती बेबी विशिष्ठी जायसवाल








आधार बनवाओ आधार बनो आधार पाओ

# अखिल भारतीय प्रबुद्ध जायसवाल महासभा,लखनऊ



**भारत रत्न कामराजजी नाडार की जयंती 15 जुलाई 2021**
**राजकुमार गुप्त राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय प्रबुद्ध जायसवाल महासभा लखनऊ**

## जायसवाल बने लासंय आफ उज्जैन

**उज्जैन।** ऑफ उज्जैन उज्जैन. लायंस क्लब इंटरनेशनल के चुनाव वर्चुअल रूप में सम्पन्न हुए। इसमें डिस्ट्रिक्ट के 116 से अधिक क्लब के तीन हज़ार से ज्यादा सदस्यों के प्रतिनिधियों ने अपने मत का प्रयोग किया। इसमें भोपाल के लायन जेपीएस जौहर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चुने गए। साथ ही आगामी सेवा वर्ष 2021-22 के लिए लायन गिरीश जायसवाल को लायंस आफउज्जैन नियुक्त किया गया। लायन डॉ. सतिंदरकौर सलूजा रीजन चेयरपर्सन बनी। उक्त निर्वाचन व नियुक्तियों पर शहर के लायंस सदस्यों में हर्ष जताया। जायसवाल ने अपने सेवा दायित्व वर्ष में कोविड त्रासदी में शहर को स्थाई सेवा गतिविधि के लिए सभी क्लबों व सदस्यों को सदैव तैयार रहने का आह्वान किया व विश्वास दिलाया कि हम आपसी सहयोग से पीड़ित मानवता की सेवा के नए आयाम स्थापित करेंगे। यह जानकारी लायन ऋषिराज अरोरा ने दी।



### छल रही जिदंगी

अपने से आप को छल रही जिदंगी ।
देखों किस राह पर चल रही जिदंगी ।।
हम सनातनी धर्म की परम्पराए भूले
उमर से पहले ही जल रही जिदंगी ।।
अनुशासन नियम संयम बनाते रहो ।
कल,आज रहेगी कुछ कल जिदंगी ।।
कोरोना पर विजय हासिल करना है।
संयम,दूरी बढ़ाओं
देखना फल जिदंगी ।
बात ÷गौरव÷ की
नजर अंदाज मत करना ।
कविता गीत गज़ल
तो कभी हज़ल जिदंगी ।।



सुभाष गौरव इन्दौर म.प्र.
9826505498

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर बधाई



30 मई को भारत में हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। इसी दिन कोलकाता से 1826 में याने 195 साल पहले हिंदी का पहला समाचार-पत्र 'उदंत मार्तण्ड' प्रकाशित हुआ था। इसके प्रकाशक और संपादक श्री युगलकिशोर शुक्ल थे। वह साप्ताहिक अखबार था। उसकी 500 प्रतियाँ छपती थीं लेकिन आज हिंदी के अखबारों की लाखों प्रतियाँ छपती हैं। यह पहला हिंदी अखबार अहिंदीभाषी बंगाल प्रांत से निकला था। हिंदी का पहला दैनिक अखबार 'समाचार सुधावर्षण' भी कलकत्ता से ही निकला था और उसके संपादक थे, डॉ. अमर्त्य सेन के नानाजी श्री क्षितिमोहन सेन। लेकिन अब हिंदी इतनी फैल गई है कि उसके अखबार हिंदी-अहिंदी प्रदेशों के अलावा संसार के कई देशों से नियमित छप रहे हैं। आज देश भर से निकलनेवाले लगभग एक लाख 20 हजार पत्रों में से सबसे ज्यादा हिंदी में ही निकलते हैं। हिंदी को गर्व है कि लगभग 50 हजार पत्र-पत्रिकाएँ आज हिंदी में प्रकाशित हो रही है और जहां तक प्रसार का सवाल है, उसमें भी हिंदी बेजोड़ है। देश में अंग्रेजी का रुतबा जरूर बड़ा भारी है। उसका मूल कारण हमारे बुद्धिजीवियों, नौकरशाहों और नेताओं की दिमागी गुलामी है लेकिन अंग्रेजी अखबारों की पाठक संख्या देश में सिर्फ 5 करोड़ के आस-पास है जबकि हिंदी पाठकों की संख्या 20 करोड़ से भी ज्यादा है। यह तो सरकारी आंकड़ा है लेकिन आप यदि कस्बों और गांवों में चले जाएं तो आपको मालूम पड़ेगा कि एक-एक हिंदी अखबार को मांग-मांगकर दर्जनों लोग पढ़ते हैं जबकि अंग्रेजी अखबारों को घर की महिलाएं और बच्चे भी नहीं पढ़ते। हिंदी अखबारों और हिंदी पत्रकारों ने पराधीन भारत में जो कुर्बानियां की थीं, उनका प्रामाणिक ब्यौरा मेरे ग्रंथ 'हिंदी पत्रकारिताः विविध आयाम' में विस्तार से दिया गया है। स्वयं महात्मा गांधी मानते थे कि स्वाधीनता आंदोलन में हिंदी पत्रकारिता का असाधारण योगदान था। यह ठीक है कि आपात्काल के दौरान अखबारों का गला घोंट दिया गया था। इसीलिए जब जून 1976 में राष्ट्रपति भवन में मेरे उस ग्रंथ का विमोचन हुआ तो मैंने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के अलावा देश और कांग्रेस के लगभग सभी शीर्ष नेताओं को निमंत्रित किया था। राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति और दर्जनों केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों की उपस्थिति में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर जोर दिया गया था। आज भी देश में घुटन का माहौल है लेकिन ऐसे अनेक अखबार और पत्रकार हैं, जो सारे दबावों के बावजूद ईमान की बात कहने से कतराते नहीं हैं। कोई सरकार उनका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकती। जो डरे हुए हैं, वे डरते हैं, अपने स्वार्थों के कारण! हिंदी के कुछ बड़े अखबार सचमुच स्वनामधन्य हैं, जो दूध का दूध और पानी का पानी कर देते हैं। कुछ हिंदी के बड़े अखबार तो ऐसे हैं, जिनकी स्पष्टवादिता का मुकाबला अंग्रेजी अखबार कर ही नहीं सकते और देश-विदेश की कुछ खबरों में भी अंग्रेजी अखबारों से वे आगे निकल जाते हैं। हिंदी के कुछ टीवी चैनलों की निर्भीकता तो एतिहासिक है। पत्रकारिता-दिवस पर हिंदी का मान बढ़ानेवाले पत्रों, पत्रकारों, चैनलों को तथा हिंदी के करोड़ों पाठकों को मेरी हार्दिक बधाई!

**(डॉ. वैदप्रताप वैदिक 'नवभारत टाइम्स और पीटीआई-भाषा के संपादक रह चुके हैं)**

# वैवाहिक आवश्यकता जिनको आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल सबको पहुंचा रहे हैं...



| | |
|---|---|
| **Name** | : Aakriti Suryavanshi |
| **Date of Birth** | : 31 December 1992 |
| **Height** | : 5'4" |
| **Day** | : Thursday |
| **Time** | : 1.45 a.m. |
| **Religion** | : Hindu |
| **Native Place** | : Chhindwara |
| **Education** | : B.E Hons.(E.C.) from RGPV University. |
| **Profession** | : Working in Reliance Jio Infocomm Ltd. (Bhopal) as ROW Executive. |
| **Hobbies** | : Reading magazines , Listening Music. |

**Family Background-**

| | |
|---|---|
| **Grand Father** | : Late Mr. S.D.Suryavanshi |
| **Grand Mother** | : Mrs. G.D. Suryavanshi |
| **Father** | : Mr. Pradeep Suryavanshi |
| **Occupation** | : Senior Manager (Administration) in DBL Bhopal. |
| **Mother** | : Mrs. Madhu Suryavanshi |
| **Occupation** | : Homemaker |
| **Brother** | : Srijan Suryavanshi |
| **Occupation** | : Pursuing Engineering from LNCT Bhopal. |



**नाम- नेंसी राय**
**जन्मतिथि-** 2-9-1995
**शिक्षा-** बीएससी, एम.इडी. यूपीटीइटी एंड सीटीइटी क्वालिफाइड, डेप्यूटी मैनेजर इन आईसीआईसीआई बैंक, फरीदाबाद
**पता-** आरटीओ आफिस, बिहाइंड सन इंटरनेशनल स्कूल, कानपूर रोड झांसी यूपी
**मो.नं.-** 9415179140,8858636644



## नाम- रोशनी शिवहरे
**जन्मतिथि-** 15-9-1991
**शिक्षा-** बी.ए., बीएड. एडीसीए, एम.ए.
**पता-** वैशाली नगर कबराई (माहोबा) यूपी
**मो.नं.-** 9838888931



**BIODATA**

| | |
|---|---|
| Name | : **NEHA GUPTA (Shivhare)** |
| Date of Birth | : 27th May 1993 Ghaziabad (U.P.) |
| Height | : 5'6" |
| Complexion | : Fare |
| Education | : Postgraduation |
| Gotra | : Chirouliya |
| Mob | : 9717719867 |

**PERSONAL PROFILE:-**

| | |
|---|---|
| Father's name | : Shri Ram Beer Gupta (Shivhare) Mob-9717719867 |
| Mother's name | : Smt. Bimal Gupta |
| Elder Brother | : Brij Kishore Gupta (married), Working in Textile Company |
| Sister-in-Law | : Mrs. Pinki Gupta |
| Elder Brother | : Prem Kishore Gupta (married), Working in IT Company |
| Sister-in-Law | : Mrs. Monica Jaiswal |
| Younger Brother | : Raj Kishore Gupta, Working in a Company, Noida |
| Permanent Address | : H-309/13, Dattpura, Morena-M.P 476001. |



**नाम- तीथि जायसवाल**
**जन्मतिथि-** 21-2-1995
**शिक्षा-** 12 वीं सेंट जोसेफ कॉन्वेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जबलपुर), इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (MITS, ग्वालियर)
वर्तमान में इन्फोसिस लिमिटेड (पुणे) में सलाहकार पद पर कार्यरत
**पता-**सी-9/12, पंचशील नगर, गौरीघाट रोड, जबलपुर (एमपी)**मो.नं.-** 9691174067
Email address - shrikantjaiswal03@gmail.com



**नाम- कीयूर राजेश राय**
**जन्म तिथि-** 5-11-1993
**योग्यता-** बी.ई. सिविल इंजीनियरिंग में
टाउन एंड कंट्री प्लानिंग में एम.टेक
**पदनाम-** नगर नियोजन सहायक (उप-कलेक्टर, ग्रेड बी), नगर नियोजन और मूल्यांकन विभाग, महाराष्ट्र सरकार।
**वर्तमान पोस्टिंग-** भागुर नगर परिषद, जिला नासिक
**पता-** राय बंगलो, वर्ती कॉलोनी, जिला परिषद, त्रिंबक के पीछे , नाशिक - 422001, राज्य- महाराष्ट्र।
**संपर्क-** 8668228132, 9422273950,



**नाम- अमन राय**
**जन्मतिथि-** 8-10-1992
**शिक्षा-** बी टेक (आईटी) जीएसएस एकेडमी ऑफ टेक्नकल एज्यूकेशन नोएडा, पीजी डिप्लोमा फार्म सेन्टर डिप्लोमा इन एडवांस कम्यूटिंग (सीडीएसी) इन एसीआएस पूणे।
**पता-** आरटीओ आफिस, बिहाइंड सन इंटरनेशनल स्कूल, कानपूर रोड झांसी यूपी
**मो.नं.-** 9415179140,8858636644

## Name: Ankkit Malviyaa



**D.O.B: 20/06/1989**
**Place: Betul**
**Height: 5'7**
**Skin color: Fair**
**Qualification: B.B.A.**
**Occupation: Business(Director of Royaalmede nidhi limited)**
**Residence: Nagpur**
**Income: 50-70k**
**Gotra: Ghurariya**
**Father's name: Mr. Anjani Malviya**
**Mother's name: Mrs. Nilima Malviya**
**Brother: Narayan Malviya**
**Sister: Shivani Malviya**
**Father's occupation: Business**
**Permanent adress: M.P. Heverkhedi**
**Contact: 7987298626**

आधार बनवाओं आधार बनो आधार पाओ












# भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड के जनक 100 बिलियन + जिनियस सुनील जायसवाल

## व समस्त जायसवाल, शिवहरे, राय एवं कल्चूरी, कलाल, कलवार, कलार समाज

## द्वारा समस्त प्रियजनों को हृदय की गहराइयों से हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनाएं














































Scanned by TapScanner

## आधार का हाथ जीवन भर का साथ

# भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड के जनक 100 बिलियन + जिनियस सुनील जायसवाल

मौसमी स्टेन लैस स्टील, मासूम जायसवाल. ए.के. शर्मा जी बर्तन बाजार, इंदौर व समस्त जायसवाल, शिवहरे, राय एवं कल्चूरी, कलाल, कलवार, कलार समाज द्वारा समस्त प्रिय दिवंगत मित्रों व स्वजनों को दिल की गहराइयों से विनम्र श्रद्धांजलि







।। कलचुरि,कलाल, कलार, कलवार समाज की महान विभूति और भारतीय सिनेमा के अद्वितीय कलाकार स्व. प्राण सिकन्द (अहलूवालिया) की पूण्य तिथि 12 जुलाई को कोटि कोटि नमन।।






























# आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल द्वारा लिखित सुविचार कोरोना कहर-सिरीज-समाचार-व्हाट्सअप ट्वीटर फेसबूक इंस्टाग्राम एवं यूट्यूब, कू, डेलीहंट, शेयरचेट पर लगातार प्रसारित




**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

# नेता क्यों न सुनें जनता की आवाज ?



गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति परेश उपाध्याय ने एक स्थानीय मामले में ऐसी बात कह दी है, जिससे सिर्फ गुजरात ही नहीं, संपूर्ण भारत का लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने गोधरा के एक नागरिक प्रवीणभाई को तो न्याय दिलवाया ही, साथ-साथ उन्होंने देश के नेता और पुलिसतंत्र के कान भी खींच दिए हैं। हुआ यह कि गोधरा के विधायक और जिलाधीश को प्रवीणभाई पर यह गुस्सा था कि वे बार-बार उन पर आरोप लगाते हैं कि वे आम लोगों की शिकायतें भी सुनने को तैयार नहीं होते। जनता के आवश्यक और वैधानिक काम को पूरा कराना तो और भी दूर की बात है। गोधरा के विधायक और सरकारी अधिकारी उनसे इतने ज्यादा नाराज हुए कि विधायक सी.के. राओलजी के पुत्र से उनके खिलाफ एक प्रथम सूचना रपट (एफआईआर) थाने में दर्ज करवा दी गई। उसी रपट के आधार पर उन्हें एक पुलिस एक्ट के तहत जिला बदर या त?ीपार या देसनिकाले का आदेश दे दिया गया। प्रवीणभाई को अदालत की शरण में जाना प?ा। अभी अदालत ने इस मामले में अपना अंतिम फैसला नहीं सुनाया है लेकिन पहली सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति उपाध्याय ने सरकार से कहा है कि ''आपको रजवा? नहीं चलाने हैं। यह लोकतंत्र है। आप लोगों को बोलने से नहीं रोक सकते।'' उन्होंने जिलाधीश और स्थानीय विधायक को फटकार लगाई और कहा कि आपके स्थानीय लोग यदि आपसे सवाल नहीं पूछेंगे तो किससे पूछेंगे? अपने नागरिकों का पक्ष लेने के बजाय जिलाधीश ने विधायक के बेटे के दबाव में आकर त?ीपार का आदेश जारी कैसे कर दिया? इस आदेश को जो कि गुजरात पुलिस एक्ट (1951) की धारा 56 (9) के तहत जारी किया गया था, अदालत ने निरस्त कर दिया है। इस धारा के अंतर्गत उन लोगों को शहर या गांव-निकाला दे दिया जाता है, जिनके वहां रहने से सांप्रदायिक दंगों, गुंडई या अराजकता फैलने की आशंका हो। अब इन नेताओं और नौकरशाहों से कोई पूछे कि नागरिकों की शिकायतों, आग्रहों या आरोपों से उनके शहर की कौनसी शांति भंग होती है? हां, उनकी मानसिक शांति जरूर भंग होती है। इसीलिए किसी मतदाता की व्यक्तिगत शिकायत सुनना और उसे दूर करना तो ब?ी बात है, आजकल जनता दरबार की परंपरा भी लगभग समाप्त है। मैं तो कहता हूं कि प्रधानमंत्री और सभी मुख्यमंत्री सप्ताह में एक-दो दिन खुला जनता-दरबार जरूर लगाएं, ऐसा पक्का प्रावधान सारे देश में लागू किया जाए। चुने जाने के बाद सभी नेताओं का रंग बदल जाता है। वे जनसेवक से जनमालिक बन जाते हैं। वे जनता के नौकर बनने की बजाय नौकरशाहों के नौकर बन जाते हैं। नौकरशाहों और नेताओं की जुगलबंदी के नक्कारखाने में जनता की आवाज मरियल तूती बनकर रह जाती है। अगर कोई तूती थोड़ा भी बोल पड़ती है तो नेता और नौकरशाह की मिलीभगत उसका गला दबाने के लिए टूट पड़ते हैं।

पंजीयन क्रमांक 03/27/01/21830/19 शोध पत्र –"कर लो इन्सान को मुठ्ठी में" पंजीयन दिनांक : 06 जुलाई 2019

संस्था संस्थापक 100 मिलेनीयम + जिनीयस आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल

आधार कार्ड धारक आम आदमी अधिकार वेलफेयर सोसायटी

पंजीकृत कार्यालय – 35 शंकर बाग कालोनी, मरीमाता चौराहा, आर्मी हेड क्वार्टर, इन्दौर – 452006 मो. 98272-22811

# आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत लाभार्थियों का बनेगा आधार कार्ड

**नई दिल्ली। पोषण मिशन के तहत बच्चों और गर्भवती को सुपोषित करने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कुपोषित बच्चों के सही आंकड़ा और सटीक रिपोर्ट शासन ने उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चयनित बच्चों और गर्भवती का आधार व पहचान पत्र जरूरी है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों और गर्भवती के पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं होने की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।**




इसको लेकर अब शासन ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में दर्ज सभी कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती व धात्री महिलाओं का आधार कार्ड अब परियोजना कार्यालय पर बनाए जाने का निर्देश जारी किया है। इसके लिए विभाग को आधार कार्ड बनाए जाने का किट पहुंच चुकी है। 29 जुलाई को यूडीआई के द्वारा समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) एवं परियोजना से संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडेय ने बताया कि जनपद में कुल 2.82 लाख बच्चे, गर्भवती और धात्री महिलाएं और किशोरियों पंजीकृत हैं। जिन्हें शासन के द्वारा मिलने वाले सूखा राशन व अन्य लाभ प्रदान किए जाते हैं। करीब 60 से 70 फीसदी लोगों का आधार कार्ड बन चुका है। ऐसे में जिन लोगों का आधार कार्ड किन्हीं कारणों से अभी तक नहीं बन पाया है। ऐसे लोगों के आधार कार्ड अब आने वाले समय में जनपद के सभी ब्लॉकों में कार्यरत परियोजना कार्यालय पर बनाए जाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य शासन द्वारा बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिल सके। जनपद में छह माह से तीन वर्ष के बच्चों की संख्या 121460 और तीन से छह साल के बच्चों की संख्या 90692 है। इसके साथ ही 69977 गर्भवती व धात्री महिलाएं हैं।

# बिहार में आधार कार्ड ने रुकवा दी शादी

बिहार में शादी बारातों का सीजन चल रहा है। शादी समारोह में खूब दावतें भी उड़ाई जा रही हैं। कुछ जगहों से शादी समारोह की खुशियों में ग्रहण लगने की खबरें आ रही हैं। इसी तरह का एक और मामला सामने आया है। यह औरों से थोड़ा अलग है। यहां शादी-समारोह की खुशियों में एक आधार कार्ड रोड़ा बन गया। जिसने भी इस मामले को सुना उसको सुनकर अजीब लगा, लेकिन हकीकत यही थी। दरअसल एक नाबालिग लड़की की शादी हो रही थी, सूचना पर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। प्रशासन की टीम के साथ पुलिस भी थी। शादी समारोह में पहुंची पुलिस ने लड़की की उम्र पूछी और उसका आधार कार्ड मांगा। आधार कार्ड में उम्र 18 से कम थी तो तुरंत प्रशासन ने शादी रुकवा दी।मामला बेगूसराय जिले का है। यहां एक नाबालिग लड़की की शादी करवाई जा रही थी। इसकी जानकारी किसी ने चाइल्ड हेल्पलाइन को दे दी। चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने लड़की के घर वालों से उसकी उम्र के बारे में पूछा तो सकपका गए। इसके बाद उन्होंने लड़की का आधार कार्ड मांगा तो पोल खुल गई। टीम ने तुरंत शादी को रुकवा दिया। साथ ही लड़की के माता-पिता से शपथ-पत्र भरवाया। बताया रहा है कि परिवार वालों को लड़की की शादी करने पर कानूनी कार्रवाई की हिदायत दी गई है। इसके बाद लड़की के पिता ने चार माह तक शादी नहीं करने की बात कही है।

# पैन और आधार लिंक करने की तिथि तीन महीने बढ़ाई

सरकार ने पैन और आधार को लिंक करने की आखिरी तारीख को तीन महीने के लिए आगे बढ़ा दिया है। यानी अब 30 सितंबर 2021 तक इन्हें लिंक किया जा सकता है। बता दें कि पहले इसकी डेडलाइन 30 जून तक के लिए थी। इसका एलान वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने किया। आप एसएमएस के जरिए, आयकर विभाग की वेबसाइट के जरिए और पैन सेवा केंद्र में जाकर लिंकिंग का कार्य कर सकते हैं। वहीं सरकार ने टैक्स पेयर को एक और राहत दी है जिसके तहत टीडीएस फाइल करने की आखिरी तारीख को बढ़ाकर 15 जुलाई कर दी गई है। पहले यह डेडलाइन 30 जून थी।

### एसएमएस से करें लिंक

आप एसएमएस के जरिए दोनों कार्ड को लिंक कर सकते हैं। इसके लिए फोन में कैपिटल लेटर में UIDPAN टाइप करें, फिर स्पेस देकर आधार नंबर और पैन नंबर लिखें। इस मैसेज को 567678 या 56161 पर भेज दें। इसके बाद आयकर विभाग दोनों दस्तावेजों को लिंक करने की प्रक्रिया शुरू

सत्यमेव जयते

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण

AADHAAR

आम आदमी का अधिकार

आधार पंजीकरण केन्द्र

बुनकर सेवा केन्द्र, f4 औद्योगिक क्षेत्र पोलोग्राउण्ड, इंदौर

रवि कुमार-शासकीय माध्यमिक विद्यालय,मौनी बाबा आश्रम,नरवल, सांवेर रोड,इंदौर, संपर्क-6268568837

संचालक-आनंद बाबू शाक्या

(1) झोन क्रं.07 नगर निगम कार्यालय, स्कीम नं. 54,

(2) सरकारी पानी की टंकी,स्कीम नं. 78 ऑटो स्टैंड के पास विजयनगर, इंदौर, मो.नं. 7987374058

समस्त आधार कार्ड धारको को हार्दिक शुभ कामनाऐ बधाई कर्ता – आधार जायसवाल, कार्ड शिवहरे

आधार का हाथ जीवन भर का साथ

आधार बनवाओं आधार बनो आधार पाओ

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक सुनील जायसवाल द्वारा पकंज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ, इंडस्ट्रियल एरिया, इंदौर (मप्र) से मुद्रित एवं 35 शंकरबाग कालोनी, मरीमाता चौराहा, इंदौर, 452006 से प्रकाशित प्रबंध संपादक : आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल , मोबाइल नं. 9827222811 (समस्त प्रकरणों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा)